# न्यायालय कलेक्टर, जिला– अनूपपुर (म0प्र0)

**प्रकरण क्रमांक–59 / अ–19(3) / 2020–21**

कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्मण्रा संभाग–2 म0प्र0पा0ज0कंपनी लिमिटेड चचाई
जिला अनूपपुर (म0प्र0) ............. **आवेदक**

**विरूद्ध**

मध्यप्रदेश शासन ..................... **अनावेदक**

**–: संशोधित आदेश :–**

**( पारित एवं घोषित दिनांक 6 / 12 / 2021)**

आवेदक कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–2 म0प्र0पा0ज0कंपनी लिमिटेड चचाई जिला अनूपपुर (म0प्र0) द्वारा ग्राम चचाई आबाद तहसील अनूपपुर की 06 किता रकवा 6.171 हे. भूमि वन विभाग को हस्तान्तरित किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया । आवेदक के साथ वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल अनूपपुर का पत्र क्र. 4149 दिनांक 14.10.2019 की प्रति संलग्न किया गया था । प्रश्नाधीन भूमियों के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में तहसीलदार अनूपपुर से जांच प्रतिवेदन प्राप्त है। तहसीलदार अनूपपुर का प्रतिवेदन क्रमांक–405 / प्रवा.तह. / 2020 दिनांक 22.01.2021 प्रेषित कर प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम चचाई आबाद तहसील अनूपपुर की निम्नानुसार 05 किता रकवा 6.171 हे. भूमि वन विभाग के नाम हस्तान्तरण किया जाना प्रतिवेदित किया गया है । प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 26.02.2021 में लिपिकीय त्रुटिवश भूमियों का कुल किता 05 के स्थान 06 किता तथा कुल रकवा 10.429 के स्थान पर 10.884हे. अंकित हो गया है ।

2/ अतः म0प्र0भू0राजस्व संहिता 1959 की धारा–32 एवं धारा–113 के प्रावधान अनुसार उक्त कुल किता एवं कुल रकवा में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :–

| ग्राम का नाम | तहसील | ख0नं0 | कुल रकवा (हे.में) | हस्तान्तरित रकवा (हे.में) |
|---|---|---|---|---|
| चचाई आबाद | अनूपपुर | 83 | 2.948 | 0.833 |
| | | 84 | 0.419 | 0.419 |
| | | 85 | 1.697 | 0.361 |
| | | 86 | 0.684 | 0.050 |
| | | 275 | 4.681 | 4.508 |
| योग– | | 05 किता | 10.429 | 6.171 |

तहसीलदार अनूपपुर उपरोक्तानुसार राजस्व अभिलेख दुरूस्त कर पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराये। आदेश की प्रति सम्बन्धितों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित किया जाय। प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता है, संचित अभिलेखागार किया जाय ।

आज दिनांक 06 / 12 / 2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आदेश पारित एवं घोषित किया गया ।

कलेक्टर
जिला–अनूपपुर (म0प्र0)
कलेक्टर
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

पृ0प्रकरण क्रमांक– 59 / अ–19(3) / 20–21 अनूपपुर, दिनांक 6 / 12 / 2021

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, म0प्र0 शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल ।
2. आयुक्त, शहडोल संभाग शहडोल (म0प्र0) ।
3. वनमण्डलाधिकारी, अनूपपुर जिला अनूपपुर (म0प्र0) ।
4. कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्मण्रा संभाग–2 म0प्र0पा0ज0कंपनी लिमिटेड चचाई जिला अनूपपुर (म0प्र0) ।
5. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनूपपुर जिला अनूपपुर ।
6. तहसीलदार तहसील अनूपपुर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि आदेशानुसार प्रश्नाधीन शासकीय भूमि के राजस्व अभिलेख खसरे में संशोधन कर भूमि का अधिपत्य वनमण्डलाधिकारी, अनूपपुर को प्रदाय कर संशोधित खसरे की प्रति पालन प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करने हेतु ।

कलेक्टर

जिला अनूपपुर (म0प्र0)